वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 225 | शनिवार 10 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## बैडमिटंन लीग से खेलो जयपुर की शुरूआत

### कृष्णा पूनिया संग कोर्ट पर उतरी मेयर सौम्या गुर्जर ने खेला बैडमिंटन; कहा- हर वार्ड में करवाएंगे खेलों का आयोजन

**जयपुर. कासं**

ग्रामीण ओलंपिक की तर्ज पर जयपुर में भी ह्यखेलो जयपुरह्व का आगाज हो गया। आज जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर ने इसकी शुरूआत वैशाली नगर स्थित एक खेल मैदान में बैडमिंटन लीग से की। इस मौके पर मेयर ने बैडमिंटन कोर्ट पर राज्य क्रीड परिषद की अध्यक्ष और पूर्व एथलीट कृष्णा पूनिया संग मैच खेला। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर मेयर ने कहा- जयपुर में हम बड़े स्तर पर खेलों का आयोजन करवाएंगे। क्योंकि जब जनता खेलेगी तो वह स्वस्थ रहेगी और वह स्वस्थ्य रहेगी तभी जयपुर स्वच्छ बनेगा। इसके लिए उन्होंने हर वार्ड में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के लिए कहा। इसके लिए वार्ड के पार्षदों से जल्द प्रस्ताव और सुझाव मांगे जाएंगे। इस आयोजन में बैटमिंटन के अलावा क्रिकेट, रस्साकस्सी, म्यूजिकल चेयर करवाए जाएंगे। क्रिकेट के लिए पार्षदों और अधिकारियों की टीम बनाई जाएगी, जिसके बीच मैच करवाया जाएगा।



### परंपरागत खेलों का भी होगा आयोजन

खेलो जयपुर में वार्ड स्तर पर जो कार्यक्रम करवाए जाएंगे। उसमें परम्परागत खेलों की भी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। मेयर ने कहा कि हमारा खेलो जयपुर का आयोजन करवाने का उदेश्य खेल प्रतिभाओं को ढूंढना है, ताकि वे आगे आकर जिला व राष्ट्रीय स्तर पर खेल सके।

### जल्द अर्बन ओलंपिक की होगी शुरूआत

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची कृष्णा पूनिया ने बताया कि जल्द सरकार अर्बन ओलंपिक की शुरूआत करने जा रहे है। इसके लिए मैंने जयपुर मेयर से कहा है कि वे ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें कि लोग इस आयोजन में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि खेल ही एक ऐसा जरिया है। इसमें सभी भावनाओं को पीछे छोड़कर एकजुट होकर खेलते है।

## सरदारशहर उपचुनाव हार पर BJP हाईकमान ने मांगी रिपोर्ट



**जयपुर. कासं**

राजस्थान के सरदारशहर में विधानसभा उपचुनाव में हुई हार पर बीजेपी आलाकमान ने प्रदेश नेतृत्व से रिपोर्ट मांग ली है। हिमाचल प्रदेश में हार और गुजरात में जीत के खट्टे-मीठे अनुभव के बाद बीजेपी हाईकमान का फोकस अब अगले साल 2023 में 10 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव पर आ गया है। इनमें राजस्थान भी शामिल हैं। राजस्थान में पिछले 4 साल में हुए 9 विधानसभा उपचुनाव में से 8 पर बीजेपी की हार हुई है। सूत्र बताते हैं पार्टी आलाकमान ने प्रदेश नेतृत्व से इस पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी है।

## राजस्थान में 12 दिसंबर से पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

### खेतों में बर्फ जमी; अजमेर, धौलपुर, सीकर, चूरू में दो डिग्री बढ़ा पारा

**जयपुर. कासं**

हिल स्टेशन माउंट आबू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालत ये है कि सुबह खेतों में बर्फ जमी नजर आ रही है। वहीं, आज माउंट आबू का पारा बढ़ा है। जो 3 डिग्री पर पहुंच गया। इससे लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत जरूर मिली है। एक दिन पहले गुरुवार को पारा एक डिग्री पर था। बांसवाड़ा और किशनगढ़ में भी पेड़ पोधों पर ओस की बूंदे बर्फ में बदल गईं। राजस्थान में आज तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। अजमेर, धौलपुर, सीकर, चूरू, पिलानी समेत कई शहरों में बीती रात न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ा है। इससे इन शहरों में लोगों को सर्दी से मामूली राहत मिली है। वहीं, रेगिस्तानी इलाके जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर में रात के साथ दिन में भी तापमान बढ़ा है। यहां दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तरी भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिर्स्टबेंस के कारण नॉर्दन विंड का फ्लो कम हो गया है। इसके कारण सर्दी तापमान में मामूली इजाफा हुआ है। वहीं, अब 12 दिसंबर से राजस्थान में पारा नीचे जा सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, लद्दाख एरिया में आज वेस्टर्न डिर्स्टबेंस एक्टिव होने से यहां आज और कल बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस सिस्टम का असर 10 दिसंबर तक बना रहेगा। 11 दिसंबर से सिस्टम जब हल्का पड़ेगा तो वहां वापस नॉदर्न विंड का फ्लो बढ़ेगा और मैदानी इलाके हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सर्दी के तेवर तेज होंगे।



### डबल डिजिट में आया रात का पारा

उत्तर भारत में एक्टिव हुए सिस्टम के कारण ही कुछ शहरों में रात के टेम्प्रेचर डबल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर आ गए है। अजमेर, गंगानगर, बीकानेर में दो दिन पहले तक तापमान 10 डिग्री सेल्सिय से नीचे था वहां अब तापमान वापस 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर आ गया है। गंगानगर में आज तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 10.4 पर पहुंच गया। इसी तरह अजमेर में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 11.3 पर पहुंच गया। इधर सीकर के फतेहपुर में भी आज 3.7 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 5.5 पर पहुंच गया, जिससे लोगों को तेज सर्दी से थोड़ी राहत मिली।

# लिनेस क्लब जयपुर एंजेल द्वारा आभार-समापन 2022 का भव्य आयोजन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लिनेस क्लब जयपुर एंजेल द्वारा अनोखा गांव मे आभार-समापन 2022 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष डॉ अनामिका पापडीवाल द्वारा पूरे साल हुए कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मेंटर स्वग्रही माओ के निर्देशन में बने लिनेस क्लब जयपुर एंजेल में अक्टूबर 2021 से 2022 तक के समाज सेवा के कार्यों के साथ-साथ फेलोशिप के भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी सेवाएं प्रदान की। क्लब की सचिव व कार्यक्रम की संयोजिका डिम्पल जैन, ने बताया कि कल्पना बैद, शिल्पा मोटवानी, नीतू जैन और अंबिका सेठी ने बड़े ही रोचक और नए अंदाज में गेम्स खिलाए। जिनमे कविता जैन और शर्मिला पापड़ीवाल, स्वग्रही माओ और रुचिका जैन विनर रही। **'एंजेल ऑफ द ईयर'** का ताज कुमुद गौड को प्रदान किया गया। मैना गंगवाल, शिल्पा मोटवानी और भानु को मोस्ट एक्टिव एंजेल्स के रूप में चुना गया। कार्यक्रम में सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अंबिका सेठी द्वारा सभी का बी एम आई हेल्थ चेकअप भी किया गया। कोषाध्यक्ष मोना पाडलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## केंद्र सरकार शिखरजी तीर्थ को पर्यटन केंद्र बनाने का निर्णय वापस ले

**इंदौर. शाबाश इंडिया**



**राजकुमार पाटोदी**
**अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर**

तीर्थराज सम्मेद शिखर के संरक्षण, उसके अस्तित्व एवं पवित्रता और स्वतंत्र पहचान के लिए चल रहे देशव्यापी आंदोलन का समर्थन करते हुए दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी एवं मंत्री डॉक्टर जैनेंद्र जैन ने बयान जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिखरजी तीर्थ को पर्यटन केंद्र बनाए जाने का निर्णय न केवल तीर्थ की पवित्रता एवं प्राचीनता नष्ट करने और उसकेअस्तित्व पर कुठाराघत है बल्कि अहिंसक और अल्पसंख्यक जैन समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाला भी है अतः इस निर्णय को तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर के सांसद शंकर लालवानी सेभी भेंट कर उन्हें निर्णय के विरोध एवं निर्णय वापस लेने के संबंध में एक ज्ञापन भी दिया है। पाटोदी ने समग्र जैन समाज से आव्हान किया कि शिखरजी सहित सभी पुरातन जैन तीर्थ हमारी संस्कृति की ऐतिहासिक धरोहर हैं, इनसे ही हमारी जैन संस्कृति की प्राचीनता और इतिहास का पता चलता है उनकी रक्षा एवं संरक्षण करना जिन शासन की रक्षा करना है इसलिए तीर्थों की रक्षा एवं संरक्षण के लिए समग्र जैन समाज संगठित बने, संगठित रहें और तीर्थों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास और आंदोलन को सफल बनाऐ। युवा प्रकोष्ठ प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने कहा की हर घर से पुरुष महिलाएं बच्चे और समाज के जितने भी संगठन ,सोशल ग्रुप महिला संगठन ,महिला मंडल इस संदर्भ में कल रविवार को निकलने वाली रैली में समग्र जैन समाज के सदस्य सम्मिलित होकर शासन तक अपनी आवाज पहुंचाएं।



**डॉक्टर जैनेंद्र जैन**
**मंत्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर**

डॉक्टर जैनेंद्र जैन मंत्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर

## सम्पूर्ण भारत में होगा 'श्रीसम्मेद शिखर जी बचाओ आन्दोलन'




**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** प्रेस क्लब में विश्व जैन संगठन द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि किसी साजिश के तहत श्री सम्मेद शिखर की स्वतंत्र पहचान और पवित्रता नष्ट करने हेतु झारखण्ड सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा इको सेंसिटिव जोन में वन्य जीव अभ्यारण्य का 'एक भाग' और तीर्थ को 'माना जाता' लिखकर शास्वत जैन तीर्थ की अनादि काल की स्वतंत्र पहचान नष्ट कर पर्यावरण पर्यटन व गैर धार्मिक गतिविधियों की अनुमति देने वाली 2 अगस्त 2019 की अधिसूचना मात्र 16 स्टोन क्रशर वालो के सुझाव पर जारी की गयी क्योकि अधिसूचना से पूर्व लोगो की आपत्ति या सुझाव हेतु न तो इसे दो प्रमुख अखबारों और न एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया और न ही जैन समाज को सूचित किया गया!


## फागी में संत भवन का हुआ भव्य शिलान्यास



**फागी. शाबाश इंडिया।** धर्म परायण नगरी फागी में आज आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी,की पावन प्रेरणा से त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर के पास पंडित केलास चंद कडीला वालों के दिशानिर्देश में विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से संत भवन का भव्य शिलान्यास समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा तथा समाज के राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त संत भवन बनने से यहां पर आचार्या, आर्यिकाओं, मुनि सघों के आहार विहार में ठहरने के लिए आ रही परेशानियों की समस्या से निजात मिलेगी, यहां पर साधु संतों के लिए विश्राम हेतु मुख्य रास्ते पर विश्राम स्थली बनने से मुनि संघ धर्म साधना एवं आध्यात्मिक साधना कर सकेंगे उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के निर्वतमान अध्यक्ष रामस्वरूप मंडावरा,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, नवरत्न कठमाणा,पदम बजाज, सुरेंद्र पंसारी, माणक कासलीवाल, कमलेश मंडावरा, विकास नला, मुकेश कलवाडा,पंकज कासलीवाल, तथा त्रिलोक पीपलू सहित काफी गणमान्यजन उपस्थित थे।

मुनि अजीत सागर जी महाराज ने कहा...

## महावीर की प्रार्थना से जीवन संवरता है



**श्री महावीरजी. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर राहुल विहार शमशाबाद रोड आगरा मै स्थित त्यागी भवन में शुक्रवार को संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि अजीत सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो पुण्य आत्मा ध्यान में लीन होकर भगवान महावीर के चरणों को नमस्कार करते हैं वह जीव इस लोक में सुख मय हो जाते हैं। माता पिता के अच्छे संस्कारों से जीवन संवरता है सद्गुरु की शिक्षा को जीवन में अपनाने से मनुष्य का जीवन आदर्श रूप हो जाता है तथा नारी शक्ति व बेटी बचाने पर प्रवचन देते हुए कहा कि नारियों को तिरस्कार से देखा जाता है लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि नारियों की कोख से ही भगवान महावीर जैसे महापुरुषों का जन्म हुआ है। हम इस बात को भूल जाते हैं नारी नहीं होती तो आज आप और हम नहीं होते इसलिए जननी का तिरस्कार नहीं कर सम्मान करना चाहिए व बेटीयो को बचाना चाहिए। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आगरा में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ छह दिवसीय कार्यक्रम आज से शुरू

### मुनि अजीत सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में होंगे सभी धार्मिक कार्यक्रम

**श्री महावीरजी. शाबाश इंडिया**



श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर राहुल विहार शमशाबाद रोड आगरा में आज से 6 दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आगाज संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से उनके आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री अजीत सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा एवं ऐलक दया सागर जी महाराज,ऐलक विवेकानंद सागर जी महाराज के ससंघ पावन सानिध्य में धूमधाम से संपन्न किया जावेगा। मुनिश्री के संघथ ब्रह्मचारी रविंद्र भैया जी कोटा एवं आयोजन समिति एवं मंदिर कमेटी के सुधीश चंद जैन, पदम कुमार जैन, ताराचंद, दिलीप कुमार जैन आदि ने बताया कि कार्यक्रम में 10 दिसंबर शनिवार को ध्वजारोहण, घट यात्रा, मंडप शुद्धि, गर्भ कल्याणक पूर्वाह, 11 दिसंबर को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध, 12 दिसंबर को जन्म कल्याणक एवं उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा जिसमें 5 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बच्चों का दोपहर 2:00 मुनि श्री के कर कमलों से उपनयन संस्कार किया जावेगा , 13 दिसंबर को तप कल्याणक, 14 दिसंबर को ज्ञान कल्याणक 15 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक आदि कार्यक्रमों का धूमधाम से आयोजन किया जावेगा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पंडित अशोक भैया टीकमगढ़, बाल ब्रह्मचारी संजय भैया एवं सह प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन के निर्देशन में पंचकल्याणक की क्रियाएं संपन्न होंगी।

## मुनि श्री 108 अमर कीर्ति महाराज और मुनि श्री 108 अमोध कीर्ति जी महाराज का मंगल प्रवेश बेंगलुरु मे



**बेंगलोर. शाबाश इंडिया**

जैन संत आचार्य श्री 108 देवनन्दी जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अमर कीर्ति महाराज और मुनि श्री 108 अमोध कीर्ति जी महाराज का आगमन बेंगलुरु के बेगुर जैन मंदिर चैत्यालय में हुआ। ज्ञात है कि मुनि द्वव का चातुर्मास बेंगलुरु जैन बड़े जैन मंदिर में हुआ था। चातुर्मास समापन कर बेंगलुरु के सभी मंदिरों में धर्म प्रभावना करते हुए बेगुर जैन मंदिर पधारे जहाँ आगमन पर जैन समाज में हर्ष का माहौल है मंदिर के वरिष्ट सदस्य शुभ चंद जैन ,निर्मल जैन,गुलाब चंद अजमेरा ने बताया कई वर्षों के बाद जैन मुनि का इस बेगूर एरिया में पदार्पण प्रथम बार हुआ है। इस एरिया के सभी जैन बंधु गुरूवर के दर्शन कर अपने आप को धन्य मान रहे हैं और सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। आज मुनि श्री का आहार मुनि र. ठ.ठ. कॉम्प्लेक्स के गुलाबचंद अजमेरा कके यहाँ संपन्न हुआ।समाज के युवा अधिक संख्या में आहार देकर पुण्य लाभ लिया। यहां से गाजे-बाजे के साथ मंदिर पहुंचाया गया संध्या में समाज के लोगों ने गुरूवर की कहा कि इतने बड़े शहर में रह कर यहाँ गुरूवर की भक्ति अदभूत है यहाँ युवा लोग धर्म के सभी कार्य मे समर्पित है ।संध्या में आरती के साथ भजनों का कार्यक्रम किया जिसमें विशेष रूप से सुयस जैन, बैंगलोर से मनीष जैन,अनिल काला, विवेक बाकलीवाल, सौरभ सिंघई, संदीप,अखिल,अनुज, प्रियंका सिंघई, रुचिका, पुष्पा जैन, कोडरमा के पुनीत-नूपुर अजमेरा, अर्हम अजमेरा कोडरमा के साथ बहुत से लोग सभी कार्यक्रम में उपस्थित थे और बच्चे भी बहुत ही उत्सुकता से गुरुवर की वैयावित्ती किया। मीडिया राज

## आर्यिका माता जी के ससंघ सानिध्य में कर्म दहन विधान में उमड़े श्रद्धालु

**लाडनू. शाबाश इंडिया**



नगर के प्रसिद्ध श्रीचंद्र सागर स्मारक दिगंबर जैन मंदिर में कर्म दहन विधान 7 दिसंबर 2022 को गणिनी आर्यिका विमलप्रभा मति माता ससंघ के मंगल सानिध्य में हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह विधान प्रकाशी देवी धर्मपत्नी स्व. कैलाशचन्द व प्रकाशचन्द, अजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, ऋषभ कुमार, मनोज जैनाग्रवाल परिवार के द्वारा आयोजित हुआ। सायं को भजन संध्या एवं णमोकार महामंत्र का जाप उनके निज निवास पर गायक संजय जैन, जयपुर के मधुर गीतों के साथ संपन्न हुआ। सभी अनुष्ठान में स्थानीय जैन समाज एवं आगंतुक अतिथियों ने लाभ लिया।

## वेद ज्ञान

### कथाओं की सार्थकता

सनातन धर्म की कुछ कथाओं की सार्थकता हर युग में पाई जाती है। जैसे राम-रावण युद्ध, महाभारत और सागर मंथन। सागर मंथन हर मनुष्य पूरी जिंदगी करता है। यदि देवताओं की तरह उसके प्रयास और कार्यप्रणाली सत्मार्गी है तो उसे अमृत की प्राप्ति होती है। अन्यथा अनैतिक मार्गों के द्वारा किए मंथन के द्वारा अहंकार रूपी मदिरा प्राप्त होती है, जिसे पीकर वह पतन को प्राप्त होता है। इसी प्रकार राम-रावण युद्ध भी हर समय लड़ा जा रहा है। जो प्राणी सुग्रीव और विभीषण की तरह भगवान के पक्ष में युद्ध करते हैं उन्हें भवसागर को पार करने में विजय प्राप्त होती है और रावण की सेना के राक्षस जीवन मरण रूपी भवसागर में डूबते, उतरते रहते हैं और बार-बार अपने कर्मों के अनुसार निम्नतर योनियों में जन्म लेकर नर्क का दुख भोगते हैं। इसी प्रकार महाभारत की कथा का चित्रण भी किया गया है। गुरुनानक देव के अनुसार केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है, जिसे बुद्धि और विवेक के अनुसार कर्म करने का अधिकार प्राप्त होता है। जिस प्रकार बुद्धि और विवेक मनुष्य को सत्कर्मों की तरफ प्रेरित करते हैं, उसी प्रकार अंधी इच्छाएं उसे मानसिक व्याधियां प्रदान करती हैं। महाभारत के कथानक के अनुसार धृतराष्ट्र की इच्छाएं अंधी थीं। इन अंधी इच्छाओं से उत्पन्न संतानें भी उसी प्रकार ईर्ष्या, लोभ, मोह रूपी पुत्रों-दुर्योधन और दुशासन आदि कहलाती हैं। बुद्धि और विवेक रूपी पांडव और धृतराष्ट्र और उनके पुत्रों रूपी बुराइयां हर मनुष्य में होती हैं, परंतु कृष्णरूपी अच्छे पथ-प्रदर्शक और मनुष्य की अपनी मेहनत और विवेक के जरिये कुछ जीवनरूपी महाभारत को जीत लेते हैं और शेष लोग अपनी इच्छाओं की पूर्ति करते-करते कौरवों की तरह जीवनरूपी संग्राम में मारे जाते हैं। ज्यादातर लोग अपनी बुराइयों के कारण असफल होने पर कहते हैं कि इस युग में कृष्णरूपी सारथी कहां तलाशें, परंतु ऐसे लोगों को यदि कोई अच्छा पथप्रदर्शक मिलता भी है तो ये उसके दिखाए मार्ग की खिल्ली उड़ाकर उस पर नहीं चलते हैं।

## संपादकीय

# मतांतरण व नशे की समस्या को लेकर चेतने का समय

पंजाब में पिछले कुछ अर्से की घटनाओं को देखें तो 1979 से 1984 के कालखंड की झलक दिखती है। पंजाब में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी यानी एसजीपीसी से लेकर हिंसा के रास्ते अलग खालिस्तान के सपने देखने वालों के सारे कदम ठीक वैसे ही हैं, जैसे उन काले दिनों में थे। एसजीपीसी ने इसी एक दिसंबर से जिन सिख कैदियों की रिहाई का अभियान छेड़ा है वे और कोई नहीं, पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे एवं बम धमाके के दोषी हैं। कुछ दिनों पहले पंजाब में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की एक मंदिर के बाहर धरना-प्रदर्शन के दौरान दर्जन भर से ज्यादा पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हत्या कर दी गई। सूरी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों के अपमान और कुछ तत्वों द्वारा उनके लिए अपशब्दों का विरोध करने के लिए धरने पर बैठे थे, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में उनकी हत्या हो गई। मौके से पकड़े गए हत्यारोपित संदीप सिंह को लेकर जब जांच-पड़ताल हुई तो ऐसे वीडियो सामने आए जिनमें



वह वारिस पंजाब दे नामक खालिस्तान समर्थक संगठन के मुखिया अमृतपाल सिंह के साथ नजर आ रहा है। अमृतपाल ने संदीप सिंह के समर्थन में बयान भी दिए और उसके परिवार की जिम्मेदारी उठाने का भी भरोसा दिलाया। इसके बाद भी पंजाब पुलिस की अमृतपाल को जांच के दायरे में लाने की हिम्मत नहीं हो पा रही है। सुधीर सूरी की हत्या के कुछ दिनों बाद फरीदकोट में एक डेरा समर्थक, जिस पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी का आरोप था, की भी दिनदहाड़े हत्या हो गई। इस हत्या से कुछ दिन पहले फरीदकोट में ही अमृतपाल ने रैली कर सिख युवाओं से न्याय व्यवस्था में विश्वास न रखते हुए बेअदबी के आरोपितों पर खुद कार्रवाई करने और सिख राज स्थापित करने की अपील की थी। इस अलगाववादी रैली में मंच से बोलने वालों में आप विधायक और पंजाब विधानसभा स्पीकर भी थे। हत्याओं का यह दौर 1979 के जरनैल सिंह भिंडरावाला के समर्थकों द्वारा अपने वैचारिक और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की हत्या जैसा ही है। उदाहरण के लिए निरंकारी बाबा गुरचरन सिंह की हत्या करने वाला भी भिंडरावाला का खास रंजीत सिंह था। तब भी पुलिस भिंडरावाला पर कार्रवाई करने से बचती रही थी। जब कभी कार्रवाई की कोशिश हुई तो भिंडरावाला ने मेहता चौक गुरुद्वारे और बाद में श्री अकाल तख्त साहिब में ठिकाना बना लिया और सरकार ठिठक गई। हाल ही में एक दिन के लिए नजरबंद किए गए अमृतपाल ने भी अपनी राइफलें लहराते समर्थकों के साथ स्वर्ण मंदिर का दौरा किया और वहां हजारों की भीड़ को संबोधित किया। खालिस्तानी प्रचार तंत्र ने कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को धार्मिक गानों से मिला कर वाट्सएप स्टेटस और इंस्टाग्राम रील्स के रूप में सिख युवाओं के बीच वायरल कर दिया। अमृतपाल को पंजाब में अब भिंडरावाला 2.0 कहा जाने लगा है। उसने न सिर्फ भिंडरावाला जैसी वेशभूषा बना रखी है, बल्कि उसी प्रकार की भड़काऊ बातें भी करता है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# चुनाव प्रधान देश

गत दिवस जिस समय गुजरात, हिमाचल और दिल्ली नगर निगम चुनावों के एक्टिजट पोल की प्रतीक्षा हो रही थी, उसी समय उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण सूची जारी हो रही थी। यह सूची जारी होते ही निकाय चुनावों की तैयारी तेज हो गई। उत्तर प्रदेश में कुल 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं। इसका मतलब है कि चंद दिनों बाद यूपी में गली-गली में चुनावी माहौल दिखेगा। यह इस वर्ष दूसरी बार होगा। इसके पहले ऐसा माहौल विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिला था, जो फरवरी-मार्च में हुए थे। उत्तर प्रदेश के साथ पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के भी विधानसभा चुनाव हुए थे। इसके पिछले वर्ष यानी 2021 में पांच राज्यों-केरल, तमिलनाडु, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी विधानसभा के चुनाव हुए थे। हिमाचल और गुजरात विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनीतिक दलों की निगाह अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों पर लग जाएंगी। इसलिए कुछ ज्यादा ही लग जाएंगी, क्योंकि अगले वर्ष कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। चूंकि इन सभी राज्यों के चुनाव एक साथ नहीं होंगे, इसलिए अगले वर्ष रह-रहकर चुनाव होते हुए देखने को मिलेंगे। एक तरह से वर्ष 2023 चुनावमय बना रहेगा। 2023 के विदा होने के पहले ही अगले आम चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। कुछ दलों ने तो इन चुनावों की तैयारी शुरू भी कर दी है। कांग्रेस की जो भारत जोड़ो यात्रा निकल रही है, उसका उद्देश्य भले ही देश को जोड़ना बताया जा रहा हो, लेकिन उसका मुख्य उद्देश्य 2024 के आम चुनाव में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना है। स्पष्ट है कि देश को लगातार होने वाले चुनावों से कभी छुटकारा नहीं मिलने वाला। हर वर्ष किसी न किसी राज्य में विधानसभा चुनाव होते ही रहते हैं। विधानसभा चुनावों के अतिरिक्त निकायों और पंचायतों के चुनाव भी होते हैं। राजनीतिक दल तो विधानसभा और लोकसभा चुनावों के साथ निकाय एवं पंचायत चुनावों में अपना समय खपाते ही हैं, प्रशासनिक मशीनरी भी अपना सारा जोर इन चुनावों को संपन्न कराने में लगाती है। इससे जनहित के कई काम रुक जाते हैं, क्योंकि आचार संहिता प्रभावी हो जाती है। राजनीतिक दल और प्रशासनिक मशीनरी एक तरह से पांच साल में चार बार चुनावों का सामना करती है। किसी विधायक-सांसद के निधन, उसके अयोग्य पाए जाने, पाला बदलने या इस्तीफा दे देने के कारण होने वाले उपचुनावों से बचा नहीं जा सकता, लेकिन ऐसा कुछ अवश्य किया जा सकता है, जिससे देश को बार-बार चुनावों का सामना न करना पड़े। रह-रहकर होने वाले चुनावों से केवल इसलिए नहीं बचा जाना चाहिए कि उनमें अच्छा-खासा धन खर्च होता है, बल्कि इसलिए भी बचा जाना चाहिए, क्योंकि शासन और प्रशासन का सारा ध्यान चुनावों पर केंद्रित हो जाता है। वैसे चुनावों में खर्च होने वाला धन इतनी कम भी नहीं कि उसकी अनदेखी कर दी जाए। वर्ष दर वर्ष चुनावों पर होने वाला खर्च बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार पिछले लोकसभा चुनावों में करीब 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जबकि 2014 के लोकसभा चुनावों का खर्च 30 हजार करोड़ रुपये था। यह सरकारी खर्च है। उस खर्च का हिसाब लगाना कठिन है, जो राजनीतिक दल चोरी-छिपे करते हैं।

# कलाकारों ने दी संगीत गुरू पं. राजेंद्र भट्ट को स्वरांजलि

### गीत और गजलों के दौर के साथ चला मान-सम्मान का दौर




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध संगीतकार एवं संगीत गुरु स्व.राजेंद्र भट्ट की स्मृति में 49 वाँ संगीत समारोह शुक्रवार को माहेश्वरी स्कूल तिलकनगर के लाहोटी सभागार में आयोजित किया गया। करीब सात दशक पूर्व 1953 में स्थापित कल्पना संगीत विद्यालय के बैनर पर आयोजित समारोह शिक्षाविद् स्वर्गीय केदार नाथ माहेश्वरी जी को भी समर्पित किया गया। समारोह की शुरूआत युवा गायक और संगीतकार अंकित भट्ट के निर्देशन में गाई नर्मदा स्तुति से हुई। इस मौके पर जयपुर की विदूषी जया गोस्वामी, भोपाल के पुरूषोत्तम चक्रवर्ती और बीकानेर के अमित गोस्वामी के गीत और गजल का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समारोह के संयोजक संजय महेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में पं. राजेन्द्र भट्ट और उनके पुत्र व शिष्य पं. आलोक भट्ट तथा कालजयी कृति के धनी ललित गोस्वामीजी के जन्मशताब्दी वर्ष में उनके गीतों की संगीत रचनाएं भी प्रस्तुत की गईं जिन्हें स्वयं आलोक भट्ट के अलावा डॉ. गौरव जैन, सुमंत मुखर्जी और दीपशिखा जैन अपनी आवाज दी। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली गोस्वामी, भट्ट, तैलंग समाज की पांच विभूतियों का राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश दीपक माहेश्वरी ने सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में बीकानेर के शायर व सरोद वादक अमित गोस्वामी, वरिष्ठ कला समीक्षक एवं संस्कृतिकर्मी सर्वेश भट्ट, फर्स्ट इंडिया टीवी के वरिष्ठ पत्रकार ऋतुराज शर्मा, न्यूज 18 के स्टेट हैड अमित भट्ट तथा युवा गायक व संगीतकार अंकित भट्ट शामिल हैं।



# आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज का हुआ गंगापुर में भव्य मंगल प्रवेश

### जल और केसर से किया आचार्य श्री का चरण प्रक्षालन और आरती उतारकर की अगवानी, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हो रहा है प्रवास



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन आचार्य वात्सल्य वारिधि श्री वर्धमान सागर जी महाराज का अपराहन 32 साधु साथियों के साथ इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए सैनिक नगर स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ जहां उनकी जल और केसर से चरण प्रक्षालन कर आरती उतारकर जैन धर्मावलंबियों ने अगवानी की।औद्योगिक क्षेत्र के नवनीत उद्योग से जैन समाज के सैकड़ों महिला पुरुषों में आचार्य श्री को बाजीगर जो के साथ जुलूस निकालकर शहर में मंगल प्रवेश कराया।इस दौरान जैन बंधु जैन धर्म की जय ,आचार्य वर्धमान सागर जी की जय जय कार करते हुए चल रही थी। किशनगढ़ निवाई श्री महावीरजी गंगापुर सिटी सहित विभिन्न शहरों के सैकड़ों बंधु साथ चल रहे थे। प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन साह ने बताया 10 दिसंबर को पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित भव्य आचार्य श्री वर्धमान सागर संत भवन का लोकार्पण आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के सानिध्य में सुबह 9:00 बजे किया जाएगा इससे पूर्व आचार्य श्री की अष्टद्रव्य पूजा की जाएगी। दोपहर में 1:30 से चांदनपुर वाले महावीर भगवान का मंडल विधान पूजन आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में एवं प्रतिष्ठाचार्य मुकेश जैन मधुर श्री महावीर जी के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा ।

# पूज्य समकितमुनिजी म.सा. पहुंचे शाहाजहांपुर, शनिवार का प्रवास साहलावास में

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

जयपुर। भीलवाड़ा के शांतिभवन में ऐतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न करने वाले आगम मर्मज्ञ, प्रज्ञामहर्षि पूज्य समकितमुनिजी म.सा., प्रेरनाकुशल भवान्तमुनिजी मसा, गायनकुशल जयवन्तमुनिजी मसा आदि ठाणा विहार यात्रा के तहत शुक्रवार को सुबह विहार कर अलवर जिले के नीमराणा पहुचे। यहां कुछ देर विश्राम के बाद दोपहर में पुनः विहार कर शाहाजहाँपुर पहुचें। विहार मार्ग में कई जगह श्रावकों ने उनका वंदन-अभिनन्दन किया। नीमराणा व शाहाजहाँपुर में भी कई श्रावक- श्राविका उनके दर्शन के लिए पहुचे। पूज्य समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा विहारयात्रा के तहत शनिवार सुबह साहलावास के लिए विहार करेंगे। उनका विहारयात्रा के




तहत 11 दिसम्बर को धारूहेड़ा, 12 दिसम्बर को मानेसर व 13 दिसम्बर को गुरूग्राम (गुड़गांव) में प्रवास के भाव है। मुनिश्री दिल्ली के बाहरी क्षेत्र से होते हुए 24-25 दिसम्बर तक मेरठ पहुचने की भावना है। गौरतलब है कि पूज्य समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा का वर्ष 2023 का वषावास पहले ही पूना अदिनाथ भवन घोषित हो चुका है।

# 'भक्ति में वो शक्ति है, जो कमान से निकले बाण को वापस खेच ले': आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज

जयपुर. शाबाश इंडिया

कहते हैं कि कमान से निकले हुए बाण कभी वापस नहीं आ सकते, लेकिन नेमिसागर कालोनी के भक्तो में वो शक्ति है, जिन्होंने ये असंभव कार्य कर दिखाया है। पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने नेमीसागर कालोनी में मंगल प्रवेश के अवसर पर प्रवचन में कहा कि पूर्व में उनका संघ यहां से आगे चला गया था, लेकिन आप लोगों की भक्ति संघ को वापिस यहां खींच लाई है। आचार्य सुनील सागर महाराज एवं संघस्थ 57 साधुगण ने आज नेमीसागर कालोनी में प्रवेश किया। नेमिसागर कमेटी अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा वाले तथा चातुर्मास सयोंजक राजेश गंगवाल के अनुसार मंगल प्रवेश समारोह में डी सी जैन द्वारा चित्र अनावरण, अनिल जैन धुआं वालो द्वारा दीप प्रज्वलन, शान्ति लाल सोगानी द्वारा पाद प्रक्षालन एवं हंसराज गंगवाल द्वारा शास्त्र भेंट किया गया। प्रवास के दौरान आचार्य श्री के प्रतिदिन प्रवचन, स्वाध्याय, आरती, वैयावृती तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।











# धर्म करने के पहले निर्णय करना पड़ेगाः मुनि श्री शुद्धसागर जी महाराज



**कोटा. शाबाश इंडिया**

युवा संत पूज्य मुनि 108 श्री शुद्ध सागर महाराज ने तलवण्डी जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम व्यापार दुकान आदि प्रारम्भ करने से पहले नफे नुकसान का पूरा हिसाब लगा कर ही निर्णय करते है किंतु हम धर्म जैसी मूल्यवान क्रिया को करने से पहले हम तनिक भी विचार नही करते है। धर्म को भी हम हमारे मन को हृदय को जितना अच्छा लगता है उतना ही सुनना पसंद करते है।इस मूल्यवान वस्तु को हम कम आंकते हैं।हम जब तन-मन से सक्षम होते है तो हम संसार की क्रियाओं में धन को संग्रह करने स्वयं को खपा देते है और धर्म के लिए मात्र दिखावा करते है।जब हम तन से अक्षम हो जायेगे तब धर्म की ओर अग्रसर होंगे क्योंकि हम धर्म का मूल्य बहुत ही कम आँकते हैं।हम जो धर्म कर रहे हैं क्या वो वास्तविक है या दुसरों की देखा-देखी कर रहे हैं।बिना विवेक के बिना विचार के किया गया दिखावे के धर्म भी नरक का कारण बनता है।इसलिए धर्म को करने के पहले निर्णय करो कि धर्म होता कैसे है, उसको करने का सही समय, उचित मार्ग कोनसा है ओर यह सन्मार्ग देव शास्त्र और गुरु की शरण मे सच्चे मन,वचन,काया से समर्पित होने पर ही प्राप्त होगा। **संकलनः** अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी

# आगरा में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ छह दिवसीय कार्यक्रम आज से शुरू

## मुनि अजीत सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में होंगे सभी धार्मिक कार्यक्रम

**श्री महावीरजी. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर राहुल विहार शमशाबाद रोड आगरा में आज से 6 दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आगाज संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से उनके आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री अजीत सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा एवं ऐलक दया सागर जी महाराज,ऐलक विवेकानंद सागर जी महाराज के ससंघ पावन सानिध्य में धूमधाम से संपन्न किया जाएगा। मुनिश्री के संघथ ब्रह्मचारी रविंद्र भैया जी कोटा एवं आयोजन समिति एवं मंदिर कमेटी के सुधीश चंद जैन, पदम कुमार जैन, ताराचंद, दिलीप कुमार जैन आदि ने बताया कि कार्यक्रम में 10 दिसंबर शनिवार को ध्वजारोहण, घट यात्रा, मंडप शुद्धि, गर्भ कल्याणक पूर्वाह, 11 दिसंबर को गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध, 12 दिसंबर को जन्म कल्याणक एवं उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा जिसमें 5 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बच्चों का दोपहर 2:00 मुनि श्री के कर कमलों से उपनयन संस्कार किया जाएगा।



# चौकी प्रभारी चौधरी की पदोन्नति

## बधाई देने वालों का लगा तांता

**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

**भैंसलाना।** क्षेत्र के पचकोडिया चौकी प्रभारी जगफूल चौधरी ने क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है।जानकारी के अनुसार चौधरी की ए एस आई पद पर हाल ही में पदोन्नति हुई है। मंगलवार को अपनी पदोन्नति होने पर चौकी प्रभारी जगफूल चौधरी द्वारा सवामनी का आयोजन भी किया गया था जिसमे जोबनेर सीओ मुकेश चौधरी, रेनवाल थानाधिकारी उमराव सिंह, जोबनेर थाने आई सी थाना इंचार्ज लेखराज मीणा, हिंगोनिया थाना चौकी इंचार्ज शेरसिंह, बधाल थाना चौकी से उर्मिला सहित पुलिस स्टाफ और क्षेत्र के अनेको गावों के ग्रामीण मौजूद रहे थे।वहीं इस दौरान चौकी प्रभारी जगफूल का अनेकों ग्रामीणों ने साफा और माल्यार्पण कर स्वागत भी किया था।इस अवसर पर भादवा सरपंच प्रतिनिधि सी एम डोगीवाल, कैलाश चौधरी, सुंडा का बास सरपंच लालाराम ज्याणी, उपसरपंच सुरेश वर्मा, भैसलाना सी एल जी सदस्य दीपक पुजारी, समाजसेवी और बीजेपी नेता लक्ष्मण सारण,सुरेश ऐचरा, मंड़ाभीम सिंह से सरपंच गोपाल कुमावत, पुलिस मित्र महेंद्र सिक्का, पुलिस मित्र आशीष कुमावत, पदमाराम



बिजारणिया, ग्राम रक्षक सुरेश सुतलियाँ, उप सरपंच सुनील शर्मा, मुड़ोती सरपंच नंदाराम चौधरी, उप सरपंच कमल शर्मा, नागर चौधरी, रामसहाय यादव,पूर्व सरपंच लालाराम यादव, गोपाल, भवर जाट, हीरालाल जाट,पंचायत सदस्य मोहन तेतरवाल, अर्जुन श्योरान, समाजसेवी दानाराम सेपट,दानाराम तेतरवाल, जगदीश सुंडा, नंदाराम सुंडा, बाबूलाल वर्मा, दल्लाराम, मालिराम, बाबूलाल यादव सहित अनेको ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान नवनियुक्त सीओ मुकेश चौधरी का ग्रामीणों और चौकी स्टाफ द्वारा पहले बार पचकोडिया आने पर स्वागत किया।




# राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने वितरण की राहत सामग्री




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। क्षेत्र के कई गावों सहित ग्राम झड़वासा में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने राहत सामग्री वितरण कर जरूरतमंदों को राहत प्रदान की। शुक्रवार को सरपंच भँवर सिंह गौड की अगुवाई में संस्था द्वारा ग्राम झड़वासा में 14 स्वच्छता कीट पैकेट वितरण किये जिसमें आटा, दाल, चावल, तेल, चीनी, सोयाबीन, मसाले व साबुन इत्यादि सामग्री थी। संस्था के फील्ड समन्वक तोताराम उदयवाल, जितेंद्र मेघवंशी, हंसराज और प्रिया ने बताया कि उक्त संस्था ने कोविड-19 के माहमारी के दौरान भी ऐसी विकट परिस्थिति में शहरों व गावों में निर्धन परिवारों, प्रवासियों, दिव्यांगों व वंचितों को विभिन्न राहत व जनजागरण अभियान आयोजित कर खाद्य राशन सामग्री पैकेट व स्वच्छता किट वितरण कर राहत प्रदान की थी और पिछले दो दिनों में उक्त संस्था ने फिर ग्राम झड़वासा सहित दिलवाड़ी, धोलादान्ता, न्यारां, मोतीपुरा, भोमाजी का बाडया, केबानिया, भटियानी, ढाल, तिलाना, लोहरवाड़ा व हनुतिया में 157 स्वच्छता किट फिर वितरण कर जरूरतमन्दों को राहत प्रदान की है।

# विरागोदय महामहोत्सव समिति को मिला प्रथम निर्यापक श्रमण मुनि समयसागर जी महाराज का मंगलाशीष



**राजेश रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

**पथरिया।** विरागोदय महामहोत्सव समिति ने पूज्य गणाचार्य भगवन की आज्ञानुसार सागर जिले के नगर करापुर पहुंचकर परमपूज्य संतशिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के परम शिष्य, प्रथम निर्यापक, ज्येष्ठ मुनि 108 समयसागर जी महाराज (ससंघ) के दर्शन किए एवं महामहोत्सव हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया तथा समिति द्वारा विरागोदय तीर्थ आगमन हेतु श्रीफल समर्पित करते हुए प्रार्थना की गई। पूज्य मुनि मल्लिसागर जी महाराज ने महोत्सव की जानकारी लेते हुए महोत्सव में डिस्पोजल जैसे पदार्थों का कम से कम उपयोग एवं हथकरघा से निर्मित वस्त्रों के उपयोग हेतु प्रेरणा दी। पूज्य मुनि संघस्थ पथरिया नगर गौरव मुनि निरालस सागर जी महाराज का भी मंगलाशीष मिला, महोत्सव समिति द्वारा करापुर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष से भेंट करके करापुर समाज को आत्मीय आमंत्रण भी दिया। इस



अवसर पर महोत्सव के मुख्य संयोजक संदीप जैन (कानपुर), ट्रस्ट समिति अध्यक्ष आलोक चौधरी,कानपुर से आई.के.जैन,सुनील सराफ (पार्षद), राजेश जैन (कुबेर), संजय बुंदेलखंड,वैभव मेडिकल,कपिल संगम, सजल जैन सहित महोत्सव समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

**श्री विमल जी - शिमला जी जैन लुहाड़िया**



सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

की वैवाहिक वर्षगांठ
(10 दिसंबर) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

Happy Anniversary



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - प्रेमा रांवका, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

**एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर**